तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 14 मई 2026

11 तपती धूप के बीच समाधान की उम्मीद में पहुंच रहे हैं हजारों लोग



12 झरझरा मंदिर में मूलभूत सुविधाओं की दरकार





## खबर संक्षेप

### दिन में तेज धूप और रात में झमाझम बारिश दर्जनों गांव में ब्लैकआउट

**मैनपुर।** नगर सहित क्षेत्र में बुधवार को तेज धूप के बाद शाम 7 बजे के आसपास से आंधी चलने लगी। उसके बाद देखते ही देखते लगभग 1 घंटे तक झमाझम बारिश हुई। आंधी और बारिश के कारण मानपुर नगर सहित क्षेत्र के दर्जनों गांव में बिजली बंद हो गई है। ब्लैक आउट होने से लोग परेशान हो गए हैं। बिजली व्यवस्था कब बहाल होगी बताने वाले जिम्मेदार कोई नहीं है, जिससे लोगों में आक्रोश है।

### तालाब में पानी पीने पहुंचा तेंदुआ, ग्रामीणों ने मोबाइल में फोटो किया कैद



**मुड़ागांव(कोरासी)।** पाण्डुका वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम खैरझिटी, गिधनी, रवेली और जरगांव के इष्ट देवता गिधनी पाट धाम खैरझिटी मार्ग से लगे सरकारी तालाब में बुधवार दोपहर एक तेंदुआ पानी पीते हुए दिखाई दिया। रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने तेंदुए को देखकर अपने मोबाइल कैमरे में उसका वीडियो और फोटो कैद कर लिया। क्षेत्र में लगातार जंगली जानवरों की गतिविधियां बढ़ने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन तेंदुआ गांव और खेतों के आसपास दिखाई दे रहा है, जिससे लोगों में भय व्याप्त है।

ज्ञात हो कि विगत दिनों ग्राम गिधनी का एक ग्रामीण खेत घूमने गया था, जहां तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया था। ग्रामीण ने किसी तरह अपनी जान बचाई, लेकिन उसके हाथ, पैर और मुंह पर गंभीर चोटें आई थीं। घायल का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा में चल रहा है।

अब पुनः गांव के आसपास तेंदुए की मौजूदगी सामने आने से ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल निगरानी बढ़ाने, गश्त करने तथा लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

### टैंकर से पानी भरने को लेकर विवाद

**महासमुंद।** टैंकर से पानी भरने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट सरायपाली थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को कैलाश डडसेना पिता राजेश डडसेना (19 वर्ष) वार्ड क्र. 09 डोंगरीपाली झिलमिला ने बताया कि 12 मई की सुबह करीबन 7 बजे समारू बाघ एवं शाबिर खान के घर के सामने गली में नगर पालिका के पानी टैंकर से पानी भर रहा था, उसी समय शाबिर की पत्नी किरन खान भी पानी भरने आयी थी और तुम बहुत पानी भर लिये हो मुझे भी पानी भरने दो कहकर विवाद करने लगी।

# तीन साल के बीमार बच्चे के इलाज के लिए भाजपा के देवेन्द्र ने दी तत्काल मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र मे निवास करने वाले राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के तीन वर्षीय मासूम बच्चा पिछले तीन साल से एनोरेक्टल मालफॉर्मेशन नामक बीमारी से ग्रसित है और इलाज के लिए दर दर की ठोकर खा रहे हैं। गरीब माता पिता ने अपने बच्चे के इलाज को लेकर हरिभूमि अखबार के माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से गुहार लगाई। इस खबर को हमारे हरिभूमि अखबार ने प्रमुखता के साथ आज बुधवार को प्रकाशित किया खबर प्रकाशन के बाद आज सुबह ही भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री एवं जनपद पंचायत देवभोग के सभापति देवेन्द्र ठाकुर ने बच्चे की इलाज को लेकर जिला चिकित्सा अधिकारी और रायपुर के अस्पताल में डॉक्टरों से चर्चा कर अपने मित्र भाठीगढ़ के पूर्व सरपंच ईश्वर नागेश को तत्काल बेहराडीह भेजकर गरीब कमार परिवार को 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की और बच्चे की पूरे इलाज की जिम्मेदारी लिया है। साथ ही हरिभूमि से चर्चा करते हुए भाजपा नेता देवेन्द्र ठाकुर ने बताया यह बेहद गंभीर मामला

▶▶| शेष पेज 10 पर

खबर का असर

### खबर प्रकाशन के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम और कांग्रेस-भाजपा के नेता बेहराडीह पहुंचे





#### हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद जागा प्रशासन

मैनपुर के बेहराडीह में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति गरीब परिवार में तीन साल पहले एक बच्चे का जन्म हुआ, उसका नाम युवराज है, लेकिन जन्म से ही बच्चे का मलद्वार नहीं होने के कारण बेहद पीड़ाभरी जिंदगी गुजारने मजबुर हो रहे हैं। गरीब माता पिता इलाज के लिए ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारियों से फरियाद लगाकर थक चुके थे। इस खबर के प्रकाशन के बाद आज उनके इलाज के लिए कांग्रेस भाजपा नेताओं के अलावा प्रशासन ने तत्परता दिखाई है।

### बाघ को मारने का कान्ट्रेक्ट देने वाले आरोपी को भी ओडिशा से किया गिरफ्तार

# बाघ का शिकार करने पहुंचे ओडिशा के 7 युवक गिरफ्तार

**आरोपियों के कब्जे से जहर की शीशी, जहरीली मरी मछली, केकड़े और हिरण के सींग बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर







प्रदेश के सबसे संवेदनशील वन क्षेत्रों में शामिल उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघ के शिकार की साजिश का पर्दाफाश हुआ है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम ने ओडिशा के 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर एक अंतरराज्यीय शिकारी गिरोह का खुलासा किया है। आरोपियों के कब्जे से जहर की शीशी, जहरीली मरी हुई मछलियां–केकड़े और हिरण के सींग बरामद किए गए हैं। वन विभाग की शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी बाघ को जहर देकर मारने और उसकी खाल तस्करों तक पहुंचाने की तैयारी में थे। पूरे मामले के सामने आने के बाद वन विभाग ने पूरे टाइगर रिजर्व क्षेत्र में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है। ओड़िशा सीमा क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ा दी गई है और थर्मल ड्रोन के जरिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व टीम द्वारा एक बड़ी वन्यजीव अपराध साजिश का पर्दाफाश करते हुए टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघ के शिकार की योजना को विफल किया गया है। वन विभाग को प्राप्त गोपनीय सूचना के अनुसार ओडिशा राज्य के नुआपाड़ा जिला के कुछ व्यक्तियों द्वारा उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघ का शिकार करने की साजिश की जा रही थी। सूचना प्राप्त होते ही उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद की एंटी पोचिंग टीम द्वारा सतर्कता बढ़ाते हुए निगरानी एवं जांच प्रारंभ की गई। कार्रवाई के दौरान 09 मई को आरोपी रमन हेरना पिता केदार हेरना लगभग 76 वर्ष, जाति राउत ग्राम खिपरीमाल थाना सिनापाली जिला नुआपाड़ा ओडिशा को पकड़ा गया, जिससे चीतल का सींग जब्त हुआ। आरोपी रमन हेरना के विरूद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के तहत पीओआर के तहत अपराध दर्ज किया गया। पूछताछ में रमन हेरना ने बताया कि उसने ग्राम कोसमखुंटा निवासी हिंगुल रावत नामक व्यक्ति को बाघ की खाल उपलब्ध कराने का ठेका दिया था। रमन हेरना के अनुसार हिंग्ल रावत ने आश्वासन दिया था कि वह बाघ को जहर, तीर कमान से मारने की योजना बनाएगा तथा यूएसटीआर सीमा से लगे ओडिशा के कटफाड़ गांव के 6–7 लोगों को इस कार्य में लगाएगा।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम 10 मई को रमन हेरना को ग्राम कोसमखुंटा लेकर गई, जहां उसने उस व्यक्ति की पहचान की जिसने उसे बाघ की खाल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। रमन हेरना के प्रत्यक्ष शिनाख्त के आधार पर उक्त व्यक्ति को पूछताछ हेतु परिक्षेत्र कार्यालय कुल्हाड़ीघाट मुख्यालय मैनपुर लाया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम जालंधर बागरती बताया एवं हिंगुल रावत के बारे में कोई भी सूचना साझा नहीं की। मुख्य आरोपी रमन हेरना ने जालंधर बागरती की पहचान उसी व्यक्ति के रूप में की जिसने बाघ की खाल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। इसी दिन दिनांक 10 मई को उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व

▶▶| शेष पेज 10 पर

#### न्यायालय द्वारा आरोपियों को 14 दिवस की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया

कुसुमखूंटा एवं कटफाड़ ग्राम के फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तथा इस षड्यंत्र का प्रमुख संदिग्ध मानते हुए वन विभाग द्वारा जालंधर बागरती को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35 के अंतर्गत विवेचना में सहयोग करने की शर्त पर मुचलके पर मेडिकल परीक्षण (एमएलसी) कराने के पश्चात 1 बजे उनके परिजन के सुपुर्द किया गया। वर्तमान में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व अंतर्गत बाघ की सक्रिय उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए तथा अन्य शिकारियों के फरार होने की संभावना के कारण वन विभाग द्वारा पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। वन अमला द्वारा ओडिशा सीमा पर कई जगहों पर कैम्प लगाकर एवं थर्मल ड्रोन का उपयोग कर दिन–रात सतत निगरानी और गश्ती की जा रही है उक्त कारवाई में उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व, खरियार वनमंडल (ओडिशा) एवं फॉरेंसिक टीम गरियाबंद पुलिस का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जेब से निकालते ही फटा मोबाइल, बाल बाल बचा युवक



**मैनपुर।** इन दिनों सूरज की तपीस और भीषण गर्मी से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। आज दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक जैसे ही अपने जेब से मोबाइल को निकालकर बाहर रखा और मोबाइल फट गया। हालंकि इस घटना मे युवक को नुकसान नहीं हुआ, लेकिन भारी दहशत देखने को मिली। धमतरी नगरी क्षेत्र से सोंढुर जलाशय पिकअप वाहन के माध्यम से कुछ युवक व ग्रामीण घुमने पहुंचे थे। इस दौरान सोंढुर जलाशय मे युवक ने फोटो लेने के लिए जैसे ही अपने मोबाइल जेब से निकालकर बाहर रखा, मोबाइल ब्लास्ट हो गया। गनिमत रहा कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। युवक कांग्रेस क्षेत्र के रहने वाले भरत मरकाम बताया गया। उन्होंने बताया कि शादी विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नगरी सिहावा क्षेत्र पहुंचे थे, जहां से परिवार व दोस्तों के साथ सोंढुर जलाशय घुमने आये थे।

#### तेज धूप में निकलने वाले लोग मोबाइल को लेकर सावधानी बरते

इस संबंध में चर्चा करने पर कुछ जानकार लोगों का कहना है इस दिनों भीषण गर्मी में मोबाइल के फटने की घटना बढ़ गई है, चिलमिलाती धूप या सीधे सूर्य की रौशनी पड़ने पर मोबाइल का बैटरी गर्म होकर फट रही है, इसलिए अपने काम से अधिक समय तक धूप में रहने वाले लोगों को मोबाइल को छांव में रखने की जरूरत है, यदि फोन अत्यधिक गरम हो गया है, तो उसका इस्तेमाल बंद कर दे फोन को ज्यादा देर शर्ट या पेंट की जेब न रखें क्योंकि शरीर की गर्मी और बाहर का तापमान मिलकर फोन को प्रभावित कर सकता है।

### किक बॉक्सिंग में अभनपुर ने जीते स्वर्ण, रजत और कांस्य

**अभनपुर।** कोरबा में आयोजित 13वीं राज्य किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में एनएस मार्शल आर्ट अकादमी अभनपुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 18 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में अकादमी के 11 खिलाड़ियों ने भाग लिया और 4 स्वर्ण, 4 रजत तथा 10 कांस्य पदक जीतकर अभनपुर का नाम रोशन किया। सागर सोनवानी के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। साथ ही अभनपुर के खिलाड़ियों ने नेशनल टीम चयन प्रक्रिया भी सफलतापूर्वक पास की। प्रतियोगिता में दुर्गेश ने 1 स्वर्ण एवं 1 कांस्य, हिमांशु 1 स्वर्ण एवं 1 रजत, हर्ष 1 स्वर्ण एवं 1 कांस्य, आकांक्षा 1 स्वर्ण एवं 1 कांस्य पदक जीता। वहीं दुर्गेश्वरी ने 1 रजत एवं 1 कांस्य, आकाश ने 1 रजत, आंचल ने 1 रजत एवं 1 कांस्य, सुमी मजूमदार ने 2 कांस्य, आदित्य ने 1 कांस्य तथा शारदा ने 2 कांस्य पदक हासिल किए। इस उपलब्धि पर मनीष बाग टेक्निकल डायरेक्टर म्यूजिकल फॉर्म एवं नेमधारी सोनवानी ने सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई दी।

- राज्य चैम्पियनशिप में एनएस मार्शल आर्ट अकादमी खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



### गरियाबंद में 19 मई को रोजगार मेला, 75 पदों पर होगी भर्ती

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग तथा संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, रायपुर के निर्देशानुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, गरियाबंद द्वारा 19 मई 2026 को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला कार्यालय परिसर में प्रातः 10 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित होगा। रोजगार मेले में निजी प्रतिष्ठान स्वतंत्र माइक्रो फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर तथा एन.आई.आई.टी. प्राइवेट लिमिटेड, स्मृति नगर जुनवानी, भिलाई (दुर्ग) द्वारा फील्ड ऑफिसर, कलेक्शन ऑफिसर एवं असिस्टेंट मैनेजर (ट्रेनी) के कुल 75 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक ऐसे आवेदक, जिन्होंने न्यूनतम 10वीं, 12वीं अथवा स्नातक की योग्यता प्राप्त की है, वे अपने दो पासपोर्ट साइज फोटो

▶▶| शेष पेज 10 पर

### मौसम ने बदला मिजाज, तूफान गरज-चमक के साथ हुई बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

बुधवार की शाम मौसम ने अचानक ऐसा करवट बदला कि लोग कुछ समझ ही नहीं पाए। शाम ठीक साढ़े छह बजे तक आसमान सामान्य नजर आ रहा था, लेकिन कुछ ही मिनटों में काले बादलों ने पूरे आसमान को अपने आगोश में ले लिया। देखते ही देखते तेज तूफान चलने लगा और गरज-चमक के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं की रफ्तार इतनी अधिक थी कि सड़क किनारे लगे पेड़ झूमने लगे, दुकानदार आनन-फानन में अपनी दुकानें समेटने लगे और राहगीर सुरक्षित जगह की तलाश में इधर-उधर भागते नजर आए। वातावरण में अचानक आई ठंडक ने लोगों को गर्मी से राहत तो दी, लेकिन तूफान की भयावहता ने सभी को डरा भी दिया। बारिश शुरू होते ही आसमान में लगातार बिजली कड़कने लगी। काली घटाओं और तेज चमक के बीच कुछ देर के लिए ऐसा दृश्य बना मानो रात उतर आई हो। धुप अंधेरे ने लोगों को हैरान कर दिया। लोग घरों के बाहर खड़े होकर मौसम का यह बदला हुआ रूप देखते रहे। बच्चों और युवाओं में बारिश को लेकर उत्साह दिखाई दिया, वहीं बुजुर्गों ने इसे मौसम के बड़े बदलाव का संकेत बताया। तेज तूफान और बारिश को देखकर लोगों के बीच यह चर्चा भी शुरू हो गई कि अब भीषण गर्मी का दौर खत्म होने की ओर है और बरसात का मौसम करीब आ चुका है। पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज धूप और उमस से लोग परेशान थे, ऐसे में इस बारिश ने मौसम को

▶▶| शेष पेज 10 पर

- अचानक छायी बदली और बूंदाबांदी से शुरू हुई



### तोतापरी और बैगनपल्ली की बिक्री बढ़ी, दशहरी-चौसा और लंगड़ा के इंतजार में आम प्रेमी

# बढ़ी आम की आवक, मिठास के साथ ग्राहकों की मांग भी हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गर्मियों के बढ़ते तापमान के साथ फलों के राजा आम की आवक गरियाबंद के बाजारों में तेज हो गई है। शहर के बस स्टैंड स्थित फल बाजार में इन दिनों विभिन्न किस्मों के आमों की भरमार दिखाई दे रही है। आम की भीनी-भीनी खुशबू और बढ़ती मिठास ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है, जिससे बाजार में रौनक बढ़ गई है और खरीदारों की भीड़ लगातार बढ़ रही है।

शुरुआती सीजन में बाजार में मुख्य रूप से उड़ीसा से आने वाले लंगड़ा, दशहरी और आम्रपाली आम की आवक हो रही है, जबकि आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध बैगनपल्ली और तोतापरी आम भी बाजार में पहुंच चुके हैं। हालांकि आम प्रेमियों को अब भी यूपी के दशहरी, चौसा और लंगड़ा आम का बेसब्री से इंतजार है, जिनकी मांग ग्राहकों के बीच सबसे अधिक रहती है। बस स्टैंड के फल व्यापारी टंकू साहू ने बताया कि फिलहाल बैगनपल्ली आम 100 रुपये प्रति किलो और तोतापरी आम 70 से 80 रुपये प्रति किलो बिक रहा है, जिसकी अच्छी मांग बनी हुई है। उन्होंने बताया कि मौसम के साथ आम की मिठास बढ़ रही है और ग्राहक अब ज्यादा मात्रा में खरीदारी कर रहे हैं। कई लोग घर के उपयोग के लिए तो कई रिश्तेदारों को भेजने के लिए भी आम खरीद रहे हैं। फल विक्रेताओं के अनुसार शुरुआती दिनों की तुलना में अब आम की बिक्री में तेजी आई है। आम की गुणवत्ता बेहतर होने और स्वाद में मिठास बढ़ने के कारण ग्राहक बार-बार बाजार पहुंच रहे हैं। वहीं गर्मी के इस मौसम में आम और केला को छोड़कर अंगूर, अनार, मौसंबी और सेव जैसे अन्य फलों के दाम अब भी आसमान पर हैं, क्योंकि इनमें से कई फल बाहर राज्यों और विदेशों से बाजार तक पहुंच रहे हैं।

व्यापारियों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में आंध्र प्रदेश से और अधिक मीठी किस्मों के आम बाजार में पहुंचेंगे, जिससे आवक बढ़ेगी और कीमतों में भी कुछ राहत मिल सकती है। फिलहाल गरियाबंद के बस स्टैंड बाजार में आम की चमक, उसकी बढ़ती मिठास और ग्राहकों की बढ़ती मांग यह संकेत दे रही है कि अब गर्मी के मौसम में आम का असली रंग पूरी तरह जमने लगा है।



## खबर संक्षेप

### बोलेरो की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** ग्राम गढ़फुलझर में एक बोलेरो वाहन की टक्कर से बाइक चालक घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई गई है। बसना पुलिस को कांताबाई नंद ने बताया कि 11 मई को उसका लडका सुरेंद्र नंद अपनी मोटर सायकल हीरो होंडा सीडी डान क्रमांक सीजी 11 बीबी 5958 से फुलवारी गया था, जो वापस आते समय सतनामी पारा गढफुलझर के पास सुबह करीब 9 बजे सफेद रंग की महिंद्रा बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 13 यूएफ 3341 के चालक अपने वाहन को खतरनाक ढंग से तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सुरेंद्र नंद की मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसके दाहिना पैर व चेहरे में चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184-मोटर व्हीलक एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### डीजे ऑपरेटर से गाली गलौज, धमकी

**महासमुंद।** गढ़पटनी रोड पर एक डीजे ऑपरेटर से कुछ लोगों द्वारा गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को सिरको के मनोहर मुखर्जी ने बताया कि 28 अप्रैल को वह शादी में डीजे की बुकिंग में गढ़पटनी गया, वहां से वापस अपने डीजे को लेकर छोटेपटनी जा रहा था। रात करीब 9 बजे गढ़पटनी रोड बसना में उसके साथ आरोपी धनेश साहू, बल्लूक, हेमकुमार साव, विकास चौहान सभी निवासी आदर्श नगर बसना ने पुरानी रंजिश एवं डीजे की कारोबार को लेकर एक राय होकर उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### सेंट्रल नोडल अधिकारी ने पीएम स्कूलों की समीक्षा बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश

महासमुंद। पीएम योजना अंतर्गत संचालित विद्यालयों की प्रगति एवं गतिविधियों की समीक्षा हेतु आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीएम के सेंट्रल नोडल अधिकारी अलरमेलमंगई डी ने जिले में संचालित पीएम स्कूलों की व्यवस्थाओं, अधोसंरचना, शिक्षण गुणवत्ता एवं विभिन्न मानकों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार मौजूद थे। बैठक में सेंट्रल नोडल अधिकारी ने कहा कि पीएम स्कूल भारत सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी योजना है। यह बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल निर्धारित पैरामीटर के अनुरूप कार्य करें तथा प्रत्येक मानक को गंभीरता से लागू किया जाए। उन्होंने विद्यालयों में कैरियर काउंसिलिंग एवं मेंटल हेल्थ पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों को उनके भविष्य, रोजगार एवं उच्च शिक्षा के संबंध में उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए ताकि वे अपने लक्ष्य निर्धारित कर सकें। साथ ही बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक एवं सहयोगात्मक वातावरण विकसित करने पर जोर दिया गया।

# पालिका की कोताही से राशि आवंटित के बाद में विकास कार्य नहीं : इंद्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर

जन समस्या निवारण शिविर सुशासन तिहार कार्यक्रम मे विधायक इन्द्रकुमार साहू ने नगर पालिका के पदाधिकारियो की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुये भारी नाराजगी व्यक्त किया। श्री साहू ने कहा कि नगर के विकास व आम जनता की मूलभूत सुविधाओ के लिए शासन द्वारा पर्याप्त धन राशि उपलब्ध कराने के बावजूद भी विकास कार्य अवरूद्ध हो रहे है, विगत 1 वर्षो मे 12 करोड़ से अधिक राशि विभिन्न कार्यो के लिए शासन द्वारा प्रदान की गई है जिसमे नगर पालिका द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यो मे प्रगति नही दिख रही है। केन्द्र सरकार द्वारा 15वे वित्त से साढ़े तीन करोड़ से अधिक की राशि विगत 2 महीने से आकर पड़ी हुई है जिसे पेयजल,स्वच्छता व अन्य मूलभूत सुविधाओ मे खर्च किया जाना है लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि परिषद् की बैठक नही होने के कारण कार्ययोजना ही नही बन पा रही है स्टेडियम के लिए 1 करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत है।

जन समस्या निवारण शिविर सुशासन तिहार में विधायक उन्हें ने लगाए आरोप



### सुशासन शिविर में 625 आवेदन प्राप्त

इसी तरह बहुत से निर्माण कार्यो की स्वीकृति मिल चुकी है लेकिन दुर्भाग्य की बात है नगर पालिका मे परिषद् एवं पीआईसी मे पास नही होने के कारण सभी काम रूके हुये है जिससे नगर की जनता मूलभूत सुविधाओ से वंचित हो रही है तथा सरकार की बदनामी हो रही है। इस संबंध मे विधायक ने अधिकारियो को निर्देश दिये है कि तय समय सीमा मे परिषद् द्वारा स्वीकृति नही दिये जाने पर शासन स्तर पर कलेक्टर के पास कार्यो की स्वीकृति के लिए भेजा जाये। सुशासन तिहार के शिविर मे कुल 625 आवेदन प्राप्त हुये है जिसमे से 508 मांग एवं 117 शिकायत संबंधी आवेदन मिले है,सुशासन शिविर मे पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी एवं नगर के लोगो ने एलपीजी गैस सिलेण्डर का 45 दिन मे वितरण किये जाने का मुद्दा पर शिकायत की गई,अधिकांश मांगे प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित रही। कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और उन्होने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखी प्रशासन द्वारा समस्याओ के त्वरित निराकरण भी किये गये।

## दुर्गम रास्तों के बावजूद गांव-गांव पहुंच रहे प्रगणक

# ब्लॉक में जनगणना कार्य में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर



गरियाबंद जिले के मैनपुर तहसील क्षेत्र में जनगणना का कार्य में काफी उत्साह के साथ कार्य किया जा रहा है। दुर्गम दुरस्थ पहाड़ी विपरित चुनौतियों के बीच कोई भी व्यक्ति न छूट पाये इसके लिए कार्य में भारी उत्साह के साथ प्रगणक लगे हुए हैं। मैनपुर के पहाड़ी इलाके देवडोंगर, कठवा के प्रगणक सुंदरलाल कश्यप ने बताया कि वे पहाड़ी गांव मे पहुंचकर जनगणना कार्य कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर लगातार गरियाबंद कलेक्टर के निर्देश पर मैनपुर तहसीलदार सुशील कुमार भोई जनगणना कार्य की समीक्षा कर रहे हैं और तय समय सीमा के भीतर कार्य को पूरा करने निर्देश दे रहे हैं। मैनपुर तहसीलदार सुशील कुमार भोई ने बताया मैनपुर के 96 गांवों में 116 एचएलबी एवं 83 प्रगणक कार्य कर रहे हैं। 70 प्रतिशत कार्य हो चुका है। मैनपुर तहसील में कार्य मे तेजी है।

वहीं दूसरी ओर देवभोग ब्लॉक में कुल 163 जनगणना ब्लॉक बनाए गए हैं, जिनमें से अब तक 53 ब्लॉक का कार्य पूर्ण हो चुका है वहीं शेष अधिकांश ब्लॉकों में लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है और बाकी कार्य तेजी से जारी है। देवभोग के तहसीलदार अजय चंद्रवंशी ने कहा कि जनगणना शासन का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए सभी सुपरवाइजर एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी परिवार सर्वेक्षण से वंचित नहीं रहना चाहिए तथा सभी जानकारी सही और समय पर दर्ज की जाए। प्रशासन अब गांव स्तर पर भी लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है। सुपरवाइजरों को फील्ड में नियमित भ्रमण कर कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने तथा छूटे हुए परिवारों का तत्काल सर्वे पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

## जनगणना प्रगणकों का आत्मीय स्वागत

**राजिम।** राजिम शहर के वार्ड 6 में जनगणना प्रगणक डोमन सोनकर ,सुरेश कंडरा जब भीषण गर्मी के बीच दोपहर 12 बजे राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू के निवास पहुंचे तो सबसे पहले इन्हें पानी और ठंडा पेय दिया गया। जनगणना में कुल 34 प्रश्न जिसमें मकान की स्थिति, रहन-सहन, कमरों की संख्या, परिवार के सदस्यों की संख्या, परिवार मुखिया का नाम आदि शामिल था। जाति संबंधी कॉलम 13 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य-ये तीन विकल्प उपलब्ध थे। इस पर श्री साहू द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में प्रगणक ने स्पष्ट किया कि पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग की जातियों को भी अन्य विकल्प में ही दर्ज किया जा रहा है। पुछे गए प्रश्नो में पेयजल की स्थिति, शौचालय, नाली, रसोई गैस,



टीवी, मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर, रेडियो, कार-मोटरसाइकिल जैसी सुविधाओं तथा उपभोग किए जाने वाले अनाज गेहूं, चावल से संबंधित जानकारी ली गई। पूरी प्रक्रिया लगभग 5 मिनट में ऑनलाइन सबमिट कर पूर्ण की गई। जनगणना कार्य पूर्ण होने के बाद श्री साहू ने प्रगणकों से उनके अनुभव के बारे में जानकारी ली। प्रगणक डोमन सोनकर ने बताया कि स्थानीय होने के कारण लोगों का सहयोग मिलता है, सभी सम्मानपूर्वक व्यवहार करते हैं और किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती। बताया कि भारत की जनगणना जैसे राष्ट्रीय कार्य में सहभागी बनना उनके लिए गर्व और खुशी की बात है। राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने नागरिकों से अपील की कि भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में जनगणना जैसे राष्ट्रीय दायित्व का निर्वहन कर रहे प्रगणकों का सम्मान करें। उनके घर पहुंचने पर एक गिलास पानी पिलाएं, बैठने के लिए कुर्सी दें और पूरे सहयोग भावना के साथ जनगणना कार्य में सहभागिता निभाएं एवं नागरिक कर्तव्य बोध का पालन करें।

# नीट पेपर लीक छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ : तेजेश यदु

**फिंगेश्वर।** पेपर लीक के चलते 3 मई को आयोजित नीट परीक्षा को रद्द किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए फिंगेश्वर मंडल कांग्रेस अध्यक्ष तेजेश यदु ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार इसी तरह से छात्रें के भविष्य से खिलवाड़ करती है। भाजपा शासित राज्यों में शिक्षा माफिया को संरक्षण देकर पेपर लिक करवाए जाते हैं जिसका भुगतान छात्रें को भुगतना पड़ता है। बार–बार परीक्षाओं में धांधली से एनटीए की विश्वसनीयता, कार्यक्षमता और पारदर्शिता पर सवाल उठ रहा है। कांग्रेस मंडल अध्यक्ष तेजेश यदु ने कहा है कि पिछली बार भी नीट के पेपर लीक मामले में मोदी सरकार ने किसी की जवाबदेही तय नहीं की, न ही कोई ठोस कार्यवाही की थी। जब 2024 में नीट का पेपर लीक हुआ था, लाखों बच्चों की मेहनत बर्बाद हुई थी, तब लोगों के गुस्से को शांत करने के लिए मोदी सरकार ने चाल चली और एनटीए के डीजी को पद से हटा दिया, लेकिन जैसे ही लोगों का गुस्सा शांत हुआ,इन्हें स्टील मिनिस्ट्री में पोस्टिंग दे दी,उसके बाद छत्तीसगढ़ की भर्ती परीक्षाओं का प्रमुख बना दिया और अब ये छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव हैं।बेहद स्पष्ट है कि पेपर लीक के असल गुनहगारों को भाजपा सरकार का संरक्षण है। मंडल अध्यक्ष तेजेश यदु ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार में इसी तरह छात्रें के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को इनाम दिया जाता है, उन्हें बड़े–बड़े पदों पर बैठाया जाता है। कारण साफ है–पेपर लीक के इस गोरखधंधे में भाजपा सरकार खुद ही साझेदार है,जिसका खामियाजा देश के मेहनती छात्रें को चुकाना पड़ रहा है। मंडल अध्यक्ष तेजेश यदु ने कहा है कि भाजपा की सरकार में परीक्षा की सुचिता लगातार भंग हो रही है, भाजपा शासित राज्यों में ही पेपर लीक हो रहे हैं,कारण स्पष्ट है पेपर लीक करने वाले शिक्षा माफियाओं को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। भाजपा का फंडा साफ है–जितनी बड़ी चोरी, उतना बड़ा इनाम, इसीलिए बेखौफ होकर ऐसे कृत्य किए जा रहे हैं। दोबारा परीक्षा कराने की मानसिक और आर्थिक जिम्मेदारी कौन लेगा? जिन 22 लाख छात्रें ने सालों से मेहनत की उन्हें दोबारा परीक्षा में झोंकना उनके साथ अन्याय है, बार–बार परीक्षाओं में धांधली से एनटीए की कार्यक्षमता,पारदर्शिता और विश्वसनीय पर सवाल उठ रहा है, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की खामोशी पेपर लीक जैसे गंभीर विषय पर सरकार के संरक्षण की ओर इशारा करती है।



# तेज आंधी और बारिश ने जनजीवन किया अस्त-व्यस्त, किसानों की बढ़ी चिंता



**कोपरा।** अचानक बदले मौसम ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। क्षेत्र में बीती शाम रात तेज आंधी, गरज और बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ, वहीं खेतों में कटाई और मिंजाई में जुटे किसानों को भारी नुकसान की आशंका सताने लगी है। टैक्ट्ररों में मिंजाई कर धान ला रहे थे, बारिश में धान भींगा, कई स्थानों पर फसल भीगने से किसान चिंतित नजर आए। तेज हवाओं के कारण पेड़-पौधों को भी नुकसान पहुंचा है तथा लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### एचपीवी टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग की अपील

**महासमुंद।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं मेडिकल कॉलेज में 14 से 15 वर्ष आयु की बालिकाओं को प्रतिदिन निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाया जा रहा है। टीकाकरण का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने बताया कि जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान पहले से संचालित किया जा रहा है, लेकिन जागरूकता की कमी एवं अफवाहों के कारण कई बालिकाएं अब तक टीकाकरण से वंचित हैं। उन्होंने बताया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है। यह कैंसर गर्भाशय मुख में होता है और समय पर बचाव नहीं होने पर गंभीर रूप ले सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सही उम्र में एचपीवी वैक्सीन लगवाने से इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## राजिम के वार्ड 8 में सुशासन तिहार





**राजिम।** शहर के वार्ड क्रमांक 8 में लगा सुशासन तिहार शिविर में पालिका अध्यक्ष महेश यादव, सभापति आकाश सिंह राजपूत,उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति भारत यादव एवं नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे। यहां नगरवासियों की समस्याएं सुनीं तथा उनके त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

# अशोक लीलैंड के गुप्त चैंबर से 8 किलो गांजा बरामद, नागपुर का तस्कर बंदी

**महासमुंद।** जिला पुलिस और एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स ने नशे के सौदागरों के खिलाफ एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। बसना थाना क्षेत्र के अंतर्गत पलसापाली बैरियर पर की गई घेराबंदी में पुलिस ने एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है, जो ट्रक में विशेष गुप्त चैंबर बनाकर गांजे की तस्करी कर रहा था। बुधवार, 13 मई को पुलिस टीम ओडिशा सीमा से आने वाले वाहनों की सघन जांच कर रही थी। इसी दौरान ओडिशा की ओर से आ रही एक सफेद रंग की अशोक लीलैंड वाहन (एमएच 45 एएफ 4521) को रोका गया। वाहन चालक पुलिस को देखकर घबराने लगा। जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने वाहन के डाला के नीचे बने एक गुप्त केबिन के बारे में जानकारी दी। तलाशी लेने पर उस चैंबर से खाखी और पीले टेप में लिपटे 8 किलो 100 ग्राम गांजे के 8 पैकेट बरामद हुए। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 4 लाख रुपए बताई जा रही है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शफीक खान (40 वर्ष) निवासी नागपुर, महाराष्ट्र के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि वह गांजे की यह खेप ओडिशा के बरपाली से लोड कर नागपुर ले जा रहा था।



# विक्की बने साहू समाज परिक्षेत्र के मीडिया प्रभारी

**कोपरा।** साहू समाज परिक्षेत्र पाण्डुका के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू के नेतृत्व में कार्यकारणी सदस्य का विस्तार शनिवार को साहू समाज 22 पाली साहू समाज परिक्षेत्र पाण्डुका के भवन में किया गया। इसमें प्रमुख रूप से संरक्षक महेंद्र कुमार साहू, कुरूद संरक्षक युवा प्रकोष्ठ कर्मा सेना विभिन्न प्रकोष्ठ का गठन किया गया। जहां मुरमुरा निवासी विक्की साहू को परिक्षेत्र मीडिया प्रभारी बनाया गया, जिसमें पाण्डुका परिक्षेत्र के 22 गांव के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

वीरेंद्र साहू अध्यक्ष, युवराज साहू सचिव व जनपद सदस्य, खोवा साहू, टोमन साहू कोषाध्यक्ष, तुलेश्वरी सरपंच भेंडरी, हेमलता साहू उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष श्रवण साहू, महिला संगठन सचिव मुन्नी बाई साहू, प्रमुख सदस्य सहित समाज के सदस्य आदि उपस्थित थे।

# गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने कांग्रेस पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन




**नवापारा-राजिम।** कांग्रेस पार्षद टिकेश्वर गिलहरे,हेमंत साहनी, अजय साहू, तरूण कंसारी, अर्जुन साहू एवं दीपाली राजपूत ने गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने हेतु प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार के नाम एक ज्ञापन पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू को सौंपा। कहा गया है कि भारतीय संस्कृति, अर्थव्यवस्था और ग्रामीण जनजीवन में गौ माता का सर्वोच्च स्थान है। गौ वंश न केवल धार्मिक रूप से पुजनीय है बल्कि पर्यावरण और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। अतएव जनभावनाओं को शासन तक पहुंचाने में यह अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## पेज 9 के शेष

### तीन साल के बीमार बच्चे के...

है कि तीन साल से मासूम बच्चे के इलाज के लिए परिवार परेशान है। बच्चे का इलाज रायपुर के बड़े अस्पताल में करवाया जायेगा और कल ही बच्चे को इलाज के लिए स्वास्थ्य का अमला रायपुर लेकर जायेंगे। श्री ठाकुर ने बताया आज रात स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से मुलाकात कर मामले की पूरी जानकारी उन्हें दी जायेगी। भाजपा नेता देवेन्द्र ठाकुर द्वारा बच्चे के इलाज को लेकर तत्परता बरतते हुए उन्होंने जो संवेदना दिखाई है, उसकी क्षेत्र के लोगों ने खुले मन से प्रशंसा की है।

**कांग्रेस नेता भी पहुंचे बच्चे के परिजनों से मिलने :** हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव तो वहीं दूसरी ओर जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम भी बेहराडीह पहुंचकर बच्चे और उनके माता पिता से मुलाकात किये ओर बच्चे के इलाज कराने का आश्वासन दिया है तो वही खबर प्रकाशन के बाद स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लिया और जिला चिकित्सा अधिकारी श्री नवरत्न के निर्देश पर तत्काल ही स्वास्थ्य विभाग की टीम बेहराडीह पहुंचकर बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण किया है साथ ही पूरा इलाज करवाने की बात कही है। मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के बीएमओ ने बताया बच्चे का इलाज करवाया जायेगा।

### बाघ का शिकार करने...

की पेट्रोलिंग टीम द्वारा ग्राम कटफाड़ ओडिशा के 6 व्यक्तियों द्वारा परिक्षेत्र कुल्हाड़ीघाट के अंतर्गत स्थित रानीबरझोला नाला में अवैध प्रवेश कर बाघ एवं हाथी विचरण क्षेत्र में शिकार के उददेश्य से नाला के पानी को जहरीला कर शिकार करते पकड़ा गया एवं जहर की शीशी, मृत मछलियां केकड़े जप्त किये गये। 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया एवं जहर को फॉरेंसिक टीम की मदद से पुलिस एफ.एस.एल लैब रायपुर भेजा जा रहा है। 11 मई को आरोपी रमन हेरना एवं 12 मई को कटफाड़ ग्राम (ओडिशा) के 6 आरोपियों – बुधराम पहरिया, अनंतराम पहरिया, मनलाल पहरिया, दिगसन पहरिया, धनु चिड़ा और मधुराम पहरिया सभी निवासी कटफाड़ (ओडिशा) को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राजिम के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### गरियाबंद में 19 मई को...

तथा समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता संबंधी अंकसूची एवं प्रमाण पत्रों की मूलप्रति व छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ई-रोजगार पोर्टल या छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

### मौसम ने बदला...

खुशनुमा बना दिया। हालांकि बारिश के दौरान बिजली की कड़क और तेज हवाओं के कारण लोगों में भय का माहौल भी बना रहा। कई जगह लोग अपने घरों और दुकानों के दरवाजे बंद कर सुरक्षित रहने लगे। मौसम के इस अचानक परिवर्तन ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि मई का महीना लगातार उतार-चढ़ाव वाला बना हुआ है। हालांकि गर्मी का मौसम अभी पूरा-पूरा एक महिना बचा हुआ है, लेकिन इस तरह से अचानक लगातार मौसम बिगड़ भी रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी उन किसानो को हो रही है, जो अपने रबी फसल धान की कटाई करने में जुटे हुए है। मौसम की मार उन्हें बुरी तरह से झेलना पड़ रहा है। शाम को शुरू हुई अंधड़ बारिश और बिजली की कड़क तथा गरजते बादल ने लोगो को संशय में डाले रखा। देर रात तक मौसम का बिगड़ैल स्वरूप देखने को मिला। इस दौरान चारों तरफ अंधेरे का माहोल रहा।

**खबर संक्षेप**

## लोहरसी में पेयजल संकट, नए बोर के लिए जपं सदस्य ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**सुरसाबांधा।** ग्राम पंचायत लोहरसी में बढ़ते पेयजल संकट को लेकर यहां की महिला जनपद सदस्य नीता-सोहन साहू ने राजिम विधायक रोहित साहू को आवेदन सौंपकर नए बोर खनन की मांग की है। आवेदन में बताया गया कि गर्मी के कारण गांव के कई हैंडपंप और जल स्रोत सूख चुके हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक रोहित साहू ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द आवश्यक कार्रवाई और बोर खनन कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने इस पहल पर खुशी जताई है।

## पारेश्वर नेगी किसान कांग्रेस मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त



**मैनपुर।** क्षेत्र के युवा नेता एवं ग्राम पंचायत गोपालपुर के उपसरपंच पारेश्वर नेगी को किसान कांग्रेस मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति जिला अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा के अनुशंसा पर की गई है। पारेश्वर नेगी को संगठन की नई जिम्मेदारी मिलने पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने की उम्मीद जताई। पार्टी नेताओं ने कहा कि किसानों और ग्रामीण मुद्दों को लेकर पारेश्वर नेगी लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं, जिसका लाभ संगठन को मिलेगा।

## हॉकी, एथलेटिक्स और तीरंदाजी अकादमी के लिए चयन ट्रायल 18-19 मई को

**गरियाबंद।** खेलों इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्व.बी.आर.यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर में संचालित आवासीय बालक-बालिका हॉकी, एथलेटिक्स तथा तीरंदाजी अकादमी में खिलाड़ियों हेतु हॉकी में 80 सीट, एथलेटिक्स में 30 एवं तीरंदाजी में 30 सीट स्वीकृत है। आकादमी में वीड-आऊट किया जाना प्रस्तावित है। ऐसी स्थिति में अकादमी में खिलाड़ियों का सीट रिक्त होगा। आवासीय बालक-बालिका हॉकी, एथलेटिक्स तथा तीरंदाजी अकादमी में रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु दो दिवसीय चयन ट्रायल का आयोजन 18 एवं 19 मई को किया जाना प्रस्तावित है। अकादमी संचालन नियमानुसार 13 से 17 वर्ष के खिलाड़ियों को अकादमी में प्रवेश दिए जाने का प्रावधान है। वर्तमान में जूनियर एवं सीनियर स्तर के खिलाड़ी अकादमी में उपलब्ध है, जबकि सब-जूनियर स्तर के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जाना है। सबजूनियर स्तर के खिलाड़ियों को प्रवेश देने के लिए 13 वर्ष आयु के खिलाड़ियों को प्रवेश देने पर उन्हें समुचित प्रशिक्षण देने में अत्यधिक परेशानियाँ होंगी अतः न्यूनतम आयु सीमा में शिथिलता प्रदान करते हुए 12 से 16 वर्ष के बालक-बालिका खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल के आयोजन की स्वीकृति का लेख किया गया है। चयन ट्रायल दो दिवसीय होगा, जिसमें खिलाड़ियों को आवागमन हेतु कोई राशि प्रदाय नहीं किया जाएगा एवं न ही कोई आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जावेगी।

# भूमिपूजन हुआ, लेकिन छः साल बाद भी अधूरा पड़ा पुस्तकालय भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

फिंगेश्वर विकास खंड अंतर्गत लोहरसी हाई स्कूल परिसर में पिछले लगभग छः वर्षों से अधूरा पड़ा पुस्तकालय भवन अब छात्रों और ग्रामीणों के लिए सवाल बन चुका है। पूर्व शासनकाल में बड़ी उम्मीदों के साथ स्वीकृत इस भवन का भूमिपूजन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया था, लेकिन आज तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। अधूरी दीवारें, जर्जर होता ढांचा और बंद पड़ा निर्माण कार्य जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। छात्र-छात्राएं जहां बेहतर अध्ययन सुविधा की आस लगाए बैठे हैं, वहीं ग्रामीण भी वर्षों से पुस्तकालय भवन के पूर्ण होने का इंतजार कर रहे हैं। इस मामले पर क्षेत्र के वर्तमान जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने कहा कि यदि समय पर निर्माण पूरा हो जाता तो क्षेत्र के विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिलता, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी भवन अधूरा पड़ा है और जिम्मेदार विभाग मौन साधे हुए हैं। लोगों के बीच यह चर्चा भी तेज हो गई है कि आखिर निर्माण में देरी के पीछे ठेकेदार की लापरवाही है या फिर किसी स्तर पर भवन निर्माण को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि अधूरे पुस्तकालय भवन की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराया जाए ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

**ग्रामीणों ने जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों पर साधा निशाना**





### अब तक 3.50 लाख की राशि भेजी गई

बुद्धविलासिन सिंह एडीपीओ ने कहा कि छः वर्ष पूर्व स्वीकृत पुस्तकालय भवन निर्माण की प्रथम किस्त खर्च चली गयी है। सरपंच सचिव पंचायत को कई बार बोला गया उसके बावजूद सरपंच-सचिव द्वारा अब तक उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) प्रस्तुत नहीं किया गया, न यूसी मिलने आये। सरपंच-सचिव की लापरवाही के चलते काम रुका हुआ, जहां लेंटर तक ले जाकर छोड़ दिया गया है। करीब 3 लाख 50 हजार रुपये की 40 फीसदी राशि भेजी जा चुकी है।

### जनता, जनप्रतिनिधि और अफसरों के बीच जवाबदेही की कसौटी बन रहा शिविर

# तपती धूप के बीच समाधान की उम्मीद में पहुंच रहे हैं हजारों लोग

**राजिम/उत्कर्ष शर्मा।** पूरे प्रदेश में इन दिनों सुशासन सरकार के शिविरों की गूंज सुनाई दे रही है। जिला, तहसील और ब्लॉक स्तर पर लगाए जा रहे इन शिविरों में शासन-प्रशासन सीधे जनता के बीच पहुंच रहा है। गरियाबंद जिले में भी जगह-जगह विशाल शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहाँ विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर आम लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया जा रहा है। मई की भीषण गर्मी के बीच लगने वाले ये शिविर किसी परीक्षा से कम नहीं हैं। सुबह से ही तेज धूप आग के गोले बरसा रही है। पारा लगातार चढ़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर शिविरों में पहुंच रहे हैं। सुबह दस बजे शुरू होने वाला शिविर कई बार शाम तीन-चार बजे तक चलता है। इस दौरान पंडालों में उमस, गर्म हवाएँ और पसीने से तरबतर लोग व्यवस्था और समाधान के इंतजार में बैठे दिखाई देते हैं। इन शिविरों में राजस्व, पंचायत, कृषि, स्वास्थ्य, विद्युत, जल संसाधन, श्रम,वन, खाद्य, महिला एवं बाल विकास सहित अनेक विभागों के स्टॉल लगाए जा रहे हैं। जिला, तहसील और



ब्लॉक स्तर के अधिकारी अपनी टीम के साथ मौजूद रहते हैं। कोई राशन कार्ड की समस्या लेकर पहुंचता है, कोई नामांतरण, सीमांकन, पेंशन, बिजली बिल, आवास योजना या फिर पेयजल संकट की शिकायत लेकर आता है। कुछ मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया जाता है, जबकि कई प्रकरण ऐसे होते हैं जिन्हें तकनीकी प्रक्रिया और विभागीय औपचारिकताओं से होकर गुजरना पड़ता है। शिविरों में सबसे अधिक दबाव प्रशासनिक अमले पर दिखाई देता है। एक ओर मंच पर मंत्री, सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि बैठे रहते हैं, तो दूसरी ओर नीचे हजारों की संख्या में मौजूद जनता अपनी समस्याओं के निराकरण की उम्मीद लगाए रहती है। ऐसे माहौल में अधिकारी और कर्मचारी हर कदम बेहद सावधानी से उठाते नजर आते हैं। कहीं शिकायत लंबित न रह जाए, कहीं जवाब देने में चूक न हो जाए, इसी तनाव के बीच पूरा अमला काम करता दिखाई देता है। कई विभागो के अधिकारियों का कहना है कि शासन की मंशा स्पष्ट है कि जनता को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें और समस्याओं का समाधान सीधे शिविरों में हो। लेकिन बढ़ती भीड़, सीमित समय और गर्मी की मार के बीच काम करना आसान नहीं है। फिर भी कर्मचारी वर्ग लगातार फाइलें देख रहा है, आवेदन ले रहा है और समाधान की प्रक्रिया में जुटा हुआ है। शिविरों में एक अलग तस्वीर भी दिखाई देती है। गाँवों से आए बुजुर्ग हाथों में आवेदन लिए कतार में खड़े रहते हैं। महिलाएँ बच्चों को लेकर पंडालों में बैठी रहती हैं। किसान अपनी जमीन और फसल से जुड़े मामलों को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते नजर आते हैं। हर व्यक्ति को उम्मीद है कि उसकी समस्या सुनी जाएगी और समाधान निकलेगा। सुशासन के इन शिविरों ने एक बात तो साफ कर दी है कि जनता अब सीधे जवाब चाहती है। कागजी प्रक्रिया से आगे बढ़कर लोग मौके पर समाधान देखना चाहते हैं। यही वजह है कि भीषण गर्मी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद शिविरों में लोगों की भीड़ लगातार उमड़ रही है। दरअसल, ये शिविर केवल समस्याओं के निराकरण का मंच नहीं रह गए हैं, बल्कि शासन, प्रशासन और जनता के बीच भरोसे की एक बड़ी परीक्षा भी बनते जा रहे हैं, जहाँ तपती धूप के बीच जवाबदेही की असली तस्वीर दिखाई दे रही है।

## शहर के वार्डों में लगा सुशासन तिहार गोकुल नगर में मिले 22 आवेदन



**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत फिंगेश्वर क्षेत्रन्तर्गत वार्ड 7 संजय नगर वार्ड में प्राथमिक शाला स्कूल संजय नगर के पास रंगमंच में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें नगरीय प्रशासन विभाग के 11 आवेदन, महिला बाल विकास विभाग के 1 आवेदन, राजस्व विभाग के 3 आवेदन, खाद्य विभाग के 2 आवेदन, कृषि विभाग के 2 आवेदन एवं रोजगार कार्यालय के 1 आवेदन प्राप्त हुए। कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए है। उक्त शिविर में पार्षद अनिल चंद्राकर,मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदन मानकर,उप अभियंता हरिशंकर वर्मा एवं नगर पंचायत के ड्यूटी लगाये गए समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

■ 4 से लेकर 13 मई तक नागरिकों से कुल 199 आवेदन प्राप्त हुए

सुशासन तिहार 13 मई को वार्ड क्रमांक 8, गोकुल नगर में रंगमंच में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर आयोजित हुई जिसमे वार्ड के नागरिकों को अपनी समस्याओ को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया जिसमें नगरीय प्रशासन विभाग के 12 आवेदन,राजस्व विभाग के 22 आवेदन प्राप्त हुए। 4 मई से शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत 4 से 13 मई तक वार्ड 1 से 8 में शिविर का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें विभिन्न विभाग नगरीय प्रशासन विभाग के 47 आवेदन, राजस्व विभाग के 117, महिला बाल विकास विभाग के 16 आवेदन, खाद्य विभाग के 10 आवेदन, कृषि विभाग के 03 आवेदन, पशु चिकित्सा विभाग के 1 आवेदन एवं रोजगार कार्यालय के 1 आवेदन, विद्युत विभाग के 4 आवेदन कुल 8 दिवस के शिविर में 199 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

आयोजित होने वाले शिविरों में नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उप अभियंता, राजस्व विभाग के पटवारी एवं नगर पंचायत के ड्यूटी लगाये गए कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रवेश के लिए सेजेस स्कूल में निकाली गई लॉटरी और किया मेधावी छात्रों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय रामबिशाल पाण्डेय इंग्लिश मीडियम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (सेजेस) राजिम में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश हेतु आयोजित लॉटरी प्रक्रिया एवं मेधावी सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। निर्धारित सीटों की तुलना में अधिक आवेदन प्राप्त होने के कारण शासन के दिशा-निर्देशानुसार प्रवेश प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम से संपन्न कराई गई, जिसमें अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों तथा नागरिकों की उपस्थिति में पात्र विद्यार्थियों का कक्षा-वार चयन पर्चियों के माध्यम से किया गया तथा चयनित विद्यार्थियों के साथ प्रतीक्षा सूची भी जारी की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका राजिम अध्यक्ष महेश यादव, एसएमडीसी अध्यक्ष सुजाता शर्मा, प्राचार्य बी.एल. ध्रुव, राष्ट्रीय आईटी सेल अध्यक्ष विवेक शर्मा, सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, विधायक प्रतिनिधि खुशी साहू, एसएमडीसी सदस्य संजीव साहू, चंदन बंजारे, महेंद्र कश्यप, नगर पंचायत सभापति आकाश राजपूत, भारत यादव, बलराम यादव, सुरेश पटेल सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इसी अवसर पर विद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा 5वीं में राजीव टोंडाय, जीविका सोनकर, शौर्य पटेल एवं गीतांजलि देवांगन, कक्षा 8वीं में सिमरन साहू, साक्षी देवांगन एवं चंचल साहू, कक्षा 10वीं में वरुण साहू, जागृति वर्मा एवं याशिका वर्मा तथा कक्षा 12वीं में सुहानी बंजारे, ईशान द्विवेदी एवं ईशा साहू को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि छात्र छात्राएं लक्ष्य लेकर कोई भी कार्य करे तो सफलता निश्चित ही मिलती है, छात्र छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन में शिक्षकों और पालकों का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के छात्र आज विधायक, सांसद और मै स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष बना हूं। उन्होंने प्रतिभावान छात्र छात्राओं को बधाई शुभकामनाएं दिए। एस एम डी सी अध्यक्ष सुजाता शर्मा और सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, विधायक प्रतिनिधि खुशी साहू ने भी सभा को संबोधित करते हुए लॉटरी में चयनित और उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। संचालन शिक्षक नारायण साहू ने किया आभार व्यक्त प्राचार्य बी एल ध्रुव ने किया। विद्यालय परिसर में उत्साह, गौरव एवं हर्ष का विशेष वातावरण बना रहा तथा उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय की उत्कृष्ट व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

# क्षेत्र के स्कूलों में सीबीएसई 12वीं का परिणाम उत्कृष्ट

**छुरा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम 2025-26 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुडा, छुरा, जिला गरियाबंद के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष विद्यालय के कुल 58 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें 30 विद्यार्थी विज्ञान संकाय एवं 28 विद्यार्थी कला संकाय से सम्मिलित हुए। इनमें से 56 विद्यार्थी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए तथा मात्र 2 विद्यार्थियों को कंपार्टमेंट प्राप्त हुआ। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 96.55 प्रतिशत रहा, जो विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है। विज्ञान संकाय में कुल 30 विद्यार्थियों में से 29 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस संकाय में ललिता ने 500 में से 387 अंक (77.4%) प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया। पायल ने 386 अंक 77.2% के साथ द्वितीय एवं नोकेश्वर राम ने 375 अंक 75% प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त नम्रता 73.8%, गीतांजलि ठाकुर 72.8%, रोशनी, भेष, नेहा, रेणुका, मुकुल देव, अमीषा एवं अनुसुइया सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ाई। विज्ञान संकाय के अधिकांश विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।




कला संकाय में कुल 28 विद्यार्थियों में से 27 विद्यार्थी सफल रहे। इस संकाय में विद्यालय के स्कूल कैप्टन वेदांश बारिहा ने 445 अंक 89% प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। लक्ष्मी ने 438 अंक 87.6% के साथ द्वितीय, भागवत मरकाम ने 428 अंक 85.6% के साथ तृतीय, मिलेश्वरी सोरी ने 82.4% के साथ चतुर्थ तथा राजेश्वरी ने 81.2% अंक के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। हिमेश, आशीष, डाकेश्वरी, सोमन एवं गंगा सहित अन्य विद्यार्थियों का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने भविष्य के लक्ष्यों को भी साझा किया। विज्ञान संकाय की टॉपर ललिता MBBS कर डॉक्टर बनना चाहती हैं। पायल, जिन्होंने IIT-JEE में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, इंजीनियर बनकर देश सेवा करना चाहती हैं। वहीं नोकेश्वर राम NEET परीक्षा उत्तीर्ण कर चिकित्सक बनने का लक्ष्य रखते हैं। कला संकाय के टॉपर वेदांश बारिहा शिक्षक बनना चाहते हैं, जबकि लक्ष्मी IAS अधिकारी बनकर प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती हैं। भागवत मरकाम भी सिविल सर्विसेज में जाकर देश सेवा करने का सपना रखते हैं। प्राचार्य डॉ. यादव ने कंपार्टमेंट प्राप्त विद्यार्थियों को निराश न होने की सलाह देते हुए कहा कि विद्यालय परिवार उन्हें आगामी परीक्षा में सफलता दिलाने हेतु हर संभव मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करेगा।

# देर रात अघोषित बिजली कटौती से जनता परेशान

■ उमस और गर्मी ने छीनी नींद, चुनिंदा फीडरों को बार-बार बंद किए जाने पर क्षेत्रवासियों में नाराजगी, आंदोलन की चेतावनी

**छुईहा-बेलर।** क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित एवं मनमानी विद्युत कटौती से आमजन का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। प्रतिदिन रात लगभग 10 बजे से मध्यरात्रि 12 बजे तक बिजली बंद रहने से भीषण गर्मी और उमस के बीच लोगों की नींद हराम हो गई है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं को उठानी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि विद्युत विभाग द्वारा गिने-चुने फीडरों को ही बार-बार बंद कर मनमानी की जा रही है, जबकि अन्य क्षेत्रों में नियमित विद्युत आपूर्ति जारी रखी जा रही है। विभाग की इस कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी एवं स्थानीय पड़ताल के अनुसार बीते मंगलवार रात्रि भी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रही। इस संबंध में जब जिम्मेदार अधिकारियों से चर्चा की गई, तब बताया गया कि 33 केवी कोमा लाइन से कटौती की गई थी। इस दौरान बेलर, किरवई एवं कौंदकेरा फीडर बंद रखे गए, जबकि राजिम, बासीन एवं फिंगेश्वर फीडर चालू रहे।

इसी बात को लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि लोड प्रबंधन के लिए बिजली कटौती आवश्यक है, तो सभी क्षेत्रों में समान रूप से व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। केवल कुछ क्षेत्रों में लगातार कटौती करना भेदभावपूर्ण एवं मनमाना निर्णय प्रतीत होता है। ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि यदि बिजली बंद करनी ही पड़े, तो शाम 6 बजे के आसपास निर्धारित समय में कटौती की जाए, ताकि देर रात आम लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

क्षेत्र के सरपंच गजानंद चरौदा, खोमन साहू बेलर, रामाधार साहू सेंदर, ओमप्रकाश साहू, मोहित साहू सेंदर, भीषण नगारची देवगांव, दुर्गा प्रसाद सिन्हा, सुघरमल आड़े, भारत साहू, अरुण साहू एवं खेलावन साहू सहित सिर्रीखुर्द, छुईहा, चरौदा, बेलर, सेंदर, चैतरा, चरभट्ठी, देवगांव और कुण्डेल क्षेत्र के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग एवं प्रशासन से अघोषित कटौती पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। साथ ही तकनीकी कारणों से आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में पूर्व सूचना सार्वजनिक करने तथा सभी फीडरों में समान एवं पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की बात कही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो क्षेत्रवासी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन एवं ज्ञापन सौंपने को बाध्य होंगे।

# सुरसाबांधा में हर मंगलवार गूंजता है हनुमान चालीसा पाठ

**सुरसाबांधा।** ग्राम सुरसाबांधा में प्रत्येक मंगलवार को हनुमान मंदिर परिसर में बाजे-गाजे के साथ भव्य हनुमान आरती, हनुमान चालीसा पाठ एवं श्रीराम स्तुति का आयोजन किया जाता है। इस धार्मिक आयोजन में गांव के छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है। भक्ति और श्रद्धा से सराबोर इस आयोजन में श्रद्धालु तन-मन से भगवान श्रीराम और हनुमान जी की भक्ति में लीन हो जाते हैं। विशेष रूप से बच्चों में धार्मिक संस्कार और भक्ति भावना विकसित करने की यह पहल गांव में काफी सराहनीय मानी जा रही है। आयोजन के दौरान बच्चे भी पूरे उत्साह के साथ हनुमान चालीसा, रामायण पाठ, श्रीराम आरती और भजन-कीर्तन में हिस्सा लेते हैं। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा मधुर श्रीराम भजनों का गायन किया जाता है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है। इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाता है। ग्रामवासियों का कहना है कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से गांव में आपसी भाईचारा, संस्कार और आध्यात्मिक वातावरण मजबूत हो रहा है।





**खबर संक्षेप**

## रानीपरतेवा के ऋषभ का छत्तीसगढ़ पुलिस में चयन



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम रानीपरतेवा निवासी ऋषभ दीवान का चयन छत्तीसगढ़ पुलिस में होने पर पूरे परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। ऋषभ, डॉ. जयंत दीवान के सुपुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, रिश्तेदारों एवं ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। ऋषभ दीवान ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी इस उपलब्धि से गांव के युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। परिवारजनों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पंचायत उप निर्वाचन के लिए सामान्य प्रेक्षक नियुक्त

**गरियाबंद।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायतों के आम एवं उप निर्वाचन मई के लिए जिला पंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ठाकुर को गरियाबंद जिले के लिए सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार जिले में पंच के 15 पद एवं सरपंच के 1 रिक्त पद हेतु उप निर्वाचन संपन्न कराया जाएगा। जिसके लिए विकासखंड गरियाबंद के ग्राम पंचायत नांगाबुड़ा, विकासखंड देवभोग के ग्राम पंचायत माहूलकोट, विकासखंड छुरा के ग्राम पंचायत करकरा, रजनकट्टा, पीपरछेड़ी, सेम्हरा, पण्ड्रीपानी गोंड़ तथा विकासखंड मैनपुर के ग्राम पंचायत हरदीभाठा, भेजीपदर, गुरजीभाठा (अ) वार्ड क्रमांक 7 एवं 8, सगड़ा, गुरजीभाठा (टी), बुड़गेलटप्पा, कोयबा एवं खरीपथरा में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

**श्रद्धालुओं ने प्रशासन से लगाई गुहार**

# झरझरा मंदिर में मूलभूत सुविधाओं की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा





जिले के पाण्डुका वन परिक्षेत्र अंतर्गत प्राकृतिक सौंदर्य और घने जंगलों की गोद में बसे मुरमुरा, डोंगरी गांव स्थित प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल झरझरा मंदिर में अब मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता तेजी से महसूस की जा रही है। यह मंदिर अपनी आस्था, प्राकृतिक छटा और चमत्कारी मान्यताओं के कारण दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। विशेषकर नवरात्रि पर्व के दौरान यहां भक्त मनोकामना के दीप जलाकर सुख-समृद्धि और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना करते हैं।

बता दे की बारिश के मौसम में झर-झर करते झरनों की आवाज और सुंदरता लोगों का मन मोह लेती है। प्राकृतिक वादियों के बीच बहते झरने को देखने दूर-दूर से सैलानी पहुंते है ठंडी हवाओं और हरियाली के बीच लोग प्रकृति का आनंद उठाते है बारिश आते ही क्षेत्र के लोगों मे एक उमंग और उत्साह देखने को मिलता है हाल ही में ग्राम मुरमुरा से झरझरा मंदिर तक विधायक रोहित साहू के प्रयास से पक्की सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हुई है जहाँ क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने से मंदिर तक पहुंचना आसान होगा, लेकिन इसके साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाएं भी अत्यंत जरूरी हो चुकी हैं।

श्रद्धालुओं और झरझरा विकास समिति के सदस्यों व आस पास के ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर परिसर में पेयजल, बिजली, शौचालय, टैंकर व्यवस्था, विश्राम स्थल तथा प्राकृतिक वादियों में आवश्यक सुरक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुरमुरा गांव से मंदिर की दूरी और जंगल क्षेत्र होने के कारण श्रद्धालुओं को कई जरूरी वस्तुएं और सुविधाएं समय पर नहीं मिल पातीं, जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि मंदिर परिसर में आवश्यक सुविधाएं विकसित हो जाएं तो यहां आने वाले भक्तों को भटकना नहीं पड़ेगा और यह स्थल धार्मिक पर्यटन के रूप में और अधिक विकसित हो सकेगा। झरझरा मंदिर अपनी अद्भुत प्राकृतिक छवि और आस्था के लिए क्षेत्र ही नहीं बल्कि दूर-दराज के श्रद्धालुओं के बीच भी विशेष पहचान रखता है। कुछ दिनों बाद बरसात मे झरझरा मंदिर का स्वरुप अद्भुत और अद्वितीय देखने को मिलेगा जहाँ रोजाना हजारों पर्यटक पिकनिक व झरनो का आनंद लेने पहुंचेंगे।

# गर्मी ने किया लोगों को बेहाल, तापमान 42 डिग्री



**रसेला।** अंचल में सूरज के तेवर सोमवार से फिर उग्र हो गए। सुबह से ही मानों आसमान से आग बरसने लगी। इससे अधिकतम तापमान 41 -42 डिग्री तक पहुंच गया। इस दौरान गर्मी से पस्त हुए लोग बचाव के लिए तरह तरह से जतन करते नजर आए। घर से बाहर निकले लोग छांव और ठंडे पानी की तलाश करते दिखे। पिछले करीब एक सप्ताह तक मौसम मेहरबान रहा। आंधी बारिश की वजह से लोगों को गर्मी का अहसास नहीं हो रहा था, लेकिन नौतपा से पहले ही मौसम अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं, सुबह से ही सूरज आग उगलना शुरू कर देता है। इससे गर्मी और बढ गई है और बाजार की रौनक पर भी असर दिखाई दे रहा है। गर्मी से बचने के लिए लोग विभिन्न उपाय के साथ जिधर छांव दिखाई देती,उधर ही चल रहें हैं। लोग छाता और गमछा के जरिए धूप से बचाव कर रहे हैं। इस बढ़ती गर्मी में ठंडे पेय पदार्थों की मांग भी काफी बढ़ गई। मजबूरन तेज धूप में सफर करने वाले लोगों को शरीर तपने लगा, झुलसाने वाली गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो गया। मनुष्य ही नहीं पशु पक्षी भी गर्मी से बेहाल हो रहें हैं। धूप के तीखे तेवरों के चलते आसमान से पक्षियों की कलरव भी ग़ायब हो गई । राहगीर पेड़ की छांव में बैठकर गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं और पेड़ों की अहमियत को समझ रहे हैं। भीषण गर्मी के चलते दिन में गांव की गलियों और सड़कें सूनी नजर आ रही है। लोग घरों में पंखे और कूलर के सहारे समय बिता रहे हैं। मौसम के बदलते तेवरों ने इस बार गर्मी को ऐतिहासिक बना दिया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पिछले एक दशक में यह पहली बार है जब मई की शुरुआत में ही तापमान इस स्तर तक पहुंच गया है।






# शिविर में 69 लोगों ने किया रक्तदान





**छुरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा में पदस्थ ग्राम खरखरा में मानव सेवा और सामाजिक जागरूकता का अनूठा उदाहरण देखने को मिला, जहां लैब में पदस्थ दिनेश साहू द्वारा अपने पिता स्व. सुंदरलाल साहू के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लगभग 69 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना एवं लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना था।

रक्तदान शिविर में सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। रक्तदान करने पहुंचे लोगों ने इसे मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने की बात कही। कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित तरीके से किया गया था, जहां स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रक्तदाताओं की जांच कर सुरक्षित रक्त संग्रह किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति लेखराज धुर्वा, राजेश साहू, खोमन चंद्राकर, अजय दीक्षित, रेवेंद्र दीक्षित, हेमंत कंसारी, गोपाल सोनी, कुंजलाल नाग, अनीता गुप्ता, तुलाराम, ईश्वर साहू, भीम निषाद, नारायण साहू, डॉ. मनोज टांडे, देवराज यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पटेलपारा में सीसी रोड़ निर्माण का भूमिपूजन

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के पटेलपारा में विवेक राय घर से मेन रोड़ तक सीसी रोड़ निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। जनपद सदस्य कुमारीबाई पटेल के प्रयास से जनपद मद से सीसी रोड़ निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हुई है और मंगलवार को बकायदा पूजा अर्चना कर सीसी रोड़ निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। कल से निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा, जिससे इस मोहल्ले के लोगों को राहत मिलेगी। भूमिपूजन के मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, सरपंच मैनपुर हनिता नायक, पंच तिजिया पटेल, डमरूधर ध्रुव, सचिव संजय नंदाल, एसकुमार कश्यप, नगर के वरिष्ठ नागरिक डोमार पटेल, त्रिभुवन पटेल, संजय विश्वकर्मा, राम ध्रुव, राजेश ध्रुव, गंगा ध्रुवा, गोदावरी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले के लोग उपस्थित थे।


